न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कुचामनसिटी जिला डीडवाना–कुचामन(राज0)

वादी	बनाम	प्रतिवादी
औंकारराम प्रभूराम पूसाराम मुलीदेवी मोहनीदेवी सुवादेवी पि. घीसाराम जाति जाट सा. मांगलोदी		राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार कुचामनसिटी

राजस्व वाद = वाद रेकर्ड दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 88 R.T.Act1955 एवं 136 R.L.Act1956 शुद्वि बाबत

GCMS No. 2024/41

वाद–पत्र नम्बर 19 /2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिलियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
21/02/2024	वादी/प्रार्थीगण औंकारराम प्रभूराम पूसाराम मुलीदेवी मोहनीदेवी सुवादेवी पि. घीसाराम जाति जाट सा. मांगलोदी द्वारा " प्रशासन गांवो के संग अभियान 2023 कैम्प ग्राम पंचायत सरगोठ में प्रस्तुत किया। जिसकी जांच रिपोर्ट तहसीलदार कुचामनसिटी द्वारा इस न्यायालय को प्रेषित की। प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर चालू जमाबन्दी नकल सम्वत 2075–2078 ग्राम मांगलोदी के खाता संख्या 66, 84 की नकल प्रस्तुत कर कथन किया है। वादी/प्राथीगण का नाम की राजस्व रेकार्ड में प्रविष्टि **औकांरराम प्रभूराम पूसाराम मुलीदेवी मोहनीदेवी सुवादेवी पि. घीसाराम जाति जाट सा. ठठाणा** दर्ज है, जो अशुद्व है। प्रार्थी का शुद्व नाम **औकांरराम प्रभूराम पूसाराम मुलीदेवी मोहनीदेवी सुवादेवी पि. घीसाराम जाति जाट सा. मांगलोदी है तथा** इसी अनुसार राजस्व रेकार्ड में शुद्व प्रविष्टि दर्ज करने का निवेदन किया है। जिसके लिए बतौर साक्ष्य स्वरूप वादी द्वारा आधार कार्ड, जनआधार कार्ड, राशन कार्ड, की छाया प्रतियॉ प्रस्तुत की है। इस संबंध में हल्का पटवारी **सरगोठ** भू.अ.नि. **मण्डावरा तहसीलदार कुचामनसिटी** से रिपोर्ट तलब की गई, रिपोर्ट में इन्होने वादी का उपरोक्तानुसार प्रविष्टि शुद्व किये जाने की अनुशंषा की है। उपलब्ध दस्तावेजात इत्यादि से वादीगण का ग्राम ठठाणा के स्थान पर मांगलोदी शुद्व किये जाने योग्य है जिसकी पुष्टि उपलब्ध उपरोक्त दस्तावेजात, पटवारी हल्का, नि.भू.अ., तहसीलदार कुचामनसिटी की रिपोर्ट से साबित है। अतः वादी का वाद–पत्र स्वीकार किया जाकर उपरोक्तानुसार राजस्व रेकर्ड में शुद्व प्रविष्टि किये जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। डिक्री पर्चा भरा जाकर शामिल मिसल किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन) Signature Not Verified Digitally signed by Manoj Date: 2024.02.28 15:12:00 IST Reason: SelfAttested (Seal: उपखण्ड अधिकारी कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन) सत्यमेव जयते)	